[This question paper contains 8 printed pages.]

**784** *आपका अनुक्रमांक* .............

**B.A. (Programme) / I** **D**

HINDI LANGUAGE (A) – Paper I

हिंदी भाषा (क) – प्रश्नपत्र I

(प्रवेशवर्ष 2004/2006 और तत्पश्चात् नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए/NCWEB के विद्यार्थियों के लिए)

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 75*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र पर इसके अलावा और कुछ मत लिखिए।*

*टिप्पणी :- प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक नियमित कॉलेजों (श्रेणी 'A') के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं। तथापि ये अंक NCWEB के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में अधिक होंगे।*

निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (10+10)

(क) साम्राज्यवादी लूट का क्रूर चित्र दिखाकर हिन्दी लेखकों ने तमाम साम्राज्य-विरोधी शक्तियों के साथ सक्रिय सहानुभूति का रास्ता अपनाया। उन्होंने साम्राज्यवाद से तटस्थ रहना, उससे 'नॉनअलाइनमेंट'

के रास्ते पर चलना हमें नहीं सिखाया। जब तक संसार में साम्राज्यवाद कायम है तब तक एक ही सही नीति हो सकती है – उसका सक्रिय विरोध, उसके विरोधियों से सक्रिय से सक्रिय सहानुभूति।

(i) यह अनुच्छेद कौन-से पाठ से लिया गया है और इसके लेखक का नाम क्या है ?

(ii) 'साम्राज्यवाद' का क्या अर्थ है ?

(iii) 'तटस्थ रहने' का अभिप्राय लिखिए।

(iv) किससे 'सक्रिय सहानुभूति' की बात यहाँ की गई है ?

(v) साम्राज्यवाद के विरूद्ध कौन सी नीति उचित है ?

(ख) उभरते हुए नए समाज में दलित जागरण के अलावा परिवर्तन की जो अन्य प्रेरक शक्ति है, वह है नारी जागरण यानी भारतीय मानवता के आधे हिस्से पर सदियों से खुले हुए और छिपे, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पुरुष प्रधान समाज द्वारा किए गए उत्पीड़न और दमन तथा नाना प्रकार की विषमताओं का नारी समाज द्वारा प्रतिरोध। किसी माने में आने वाला युग दलित जागरण और नारी जागरण का ही युग है और जाग्रत दलित और नारी समुदाय ही नए समाज का पुनर्संगठन और उसकी पुनःसंरचना करेंगे। बिना दलित और नारी के मुक्ति संघर्ष के आज़ादी अधूरी है और नारी और दलित-मुक्ति ही आज़ादी को सच्चे स्वराज में बदलेगी।

(i) प्रस्तुत कथन जिस पाठ से लिया गया हैं ? पाठ और उसके लेखक का नाम लिखिए।

(ii) नए समाज में परिवर्तन की दो प्रेरक शक्तियाँ कौन-कौन-सी हैं ?

(iii) 'नारी जागरण' के द्वारा लेखक क्या कहना चाहता है ?

(iv) आने वाले युग को दलित जागरण और नारी जागरण का युग क्यों कहा गया है ?

(v) 'सच्चे स्वराज' का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए ।

(ग) भिवंडी नगर बुनकरों का नगर था, शहर के अन्दर जगह-जगह खड्डियाँ लगी थीं, उनमें से अनेक बिजली से चलनेवाली खड्डियाँ थीं। पर घरों को आग की नजर करने से खड्डियों का धातु बहुत कुछ पिघल गया था। गलियों में घूमते हुए लगता हम किसी प्राचीन नगर के खंडहरों में घूम रहे हों। पर गलियाँ लाँघते हुए, अपने कदमों की आवाज़, अपनी पदचाप सुनते हुए लगने लगा जैसे मैं यह आवाज पहले कहीं सुन चुका हूँ। चारों ओर छाई चुप्पी को भी 'सुन' चुका हूँ। अकुलाहट-भरी इस नीरवता का अनुभव भी कर चुका हूँ।

(i) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ? पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) लेखक को गलियों में घूमते हुए क्यों लगता है कि 'हम किसी प्राचीन नगर के खंडहरों में घूम रहे' हैं ?

(iii) इन वाक्यों में कौन-सी समस्या का जिक्र किया गया है ? 'प्राचीन' एवं 'नगर' के विलोम शब्द लिखिए।

(iv) "आग की नज़र करना" का आशय स्पष्ट कीजिए।

(v) "चारों ओर छाई चुप्पी को भी मैं 'सुन' चुका हूँ।" इस वाक्य में चुप्पी को सुनने का क्या अभिप्राय है ?

2. निम्नलिखित अनुच्छेद का विश्लेषण करते हुए इसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

व्यंग्य का वास्तविक अवसर तब आया, जब स्वतंत्र भारत की विडम्बनाएँ स्पष्ट होने लगीं। राजनीतिज्ञ, पुलिस, समाज सुधारक, लेखक, सेठ–सभी संदिग्ध होने लगे। आज तो व्यंग्य मानो एक राष्ट्रीय यज्ञ हो गया है। व्यंग्य या कार्टून के स्तम्भ के बिना अब तो दैनिक पत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इससे सिर्फ यही पता नहीं चलता कि हमारे समाज में विसंगतियाँ कितनी बढ़ गई हैं, बल्कि यह भी कि इन विसंगतियों का बोध भी कितना प्रखर हो गया है। लेकिन इसका एक खतरा भी है। व्यंग्य आपके गुस्से को एक मज़ेदार आनन्ददायक प्रवाह दे देता है। जिस चीज़ से गुस्सा पैदा होना चाहिए, उसे हँसी का विषय बना दिया जाता है और इस तरह ऊर्जा की पूरी दिशा ही बदल जाती है। मजबूत व्यंग्य नपुंसक गुस्से का पर्याय बन जाता है।

(i) इस अनुच्छेद का केन्द्रीय विचार क्या है ? (2)

(ii) "आज व्यंग्य एक राष्ट्रीय यज्ञ हो गया है" – अभिप्राय स्पष्ट कीजिए। (4)

(iii) व्यंग्य से कौन सा खतरा पैदा होता है ? (4)

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों के आधार पर दीजिए : (10)

(i) आर्यों के प्राचीन साहित्य को किन-किन नामों से जाना गया ? (साहित्य जनसमूह के हृदय का विकास है)।

(ii) विज्ञान से जीवन-जगत् के सम्बन्ध में विचार की दिशा बदल गई। इस बदलाव का परिचय दीजिए। (विज्ञान और धर्म)

(iii) अठारहवीं शताब्दी के अंतिम भाग में काशी के नागरिक जीवन ने जिस नए सम्प्रदाय की सृष्टि की, उसे किस नाम से जाना गया और उसकी विशेषताएँ कौन-सी थीं ? (गुण्डा)

(iv) व्यक्ति तथा समाज का सम्बन्ध सापेक्ष क्यों है ? (समाज और व्यक्ति)

(v) छोटी अस्मिताएँ क्या चाहती है ? (अस्मिताओं का संघर्ष)

(vi) संस्कृत भाषा की समृद्धि का क्या रहस्य है ? (भाषा बहता नीर)

(vii) "अमेरिका की इराक-विजय शस्त्रास्त्र और अर्थ-बल की विजय के साथ, सूचना-प्रौद्योगिकी की भी विजय है...।" कैसे ? (शक्ति का केन्द्रीकरण)

(viii) नारी ही नारी की शत्रु होती है। इसका प्रचार क्यों किया जाता है ? (मित्र से संलाप)

4. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए : (10)

(i) माणिक मुल्ला की कहानियों को निष्कर्षवादी क्यों कहा गया है ?

(ii) जमुना के माँ बनने में घोड़े की नाल की क्या भूमिका थी ?

(iii) महेसर दलाल अपनी पत्नी की मृत्यु के बाद जिस औरत को लाए, वह उनके बच्चों से कैसा व्यवहार करती थी ?

(iv) जमुना के प्रति आकर्षित होते हुए भी तन्ना का विवाह उसके साथ क्यों नहीं हुआ ?

(v) माणिक मुल्ला और लिली के बीच कैसा संबंध था ?

(vi) सत्ती की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(vii) सूरज का सातवाँ घोड़ा किसका प्रतीक है ?

**अथवा**

'यात्राएँ' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दीजिए :

(i) सिगरी उनसत को कौन-सा पुरस्कार मिला ?

(ii) अरब सागर की साम्राज्ञी किसको कहते हैं ?

(iii) नागा-चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता क्या है ?

(iv) कालिंदी नदी का एक और नाम लिखिए।

(v) हेनरिक इब्सन का जन्म कहाँ हुआ था ?

(vi) तथागत के अंतिम आप्त वचन कौन-से थे ?

(vii) 'छोटा भारत' और 'हिंद महासागर का मोती' कौन-से देश को कहा जाता है ?

5. किसी **एक** विषय पर विस्तार से टिप्पणी लिखिए :

(i) विज्ञापन झूठ बोलते हैं

(ii) जनतंत्र में जनता

(iii) शोर और संगीत (8)

6. जीवनी के रूप में लिखे गए इस हिस्से को आत्मकथा के रूप में लिखिए : (5)

बनारस में रहते हुए नागार्जुन के अंदर देश-विदेश में हो रहे सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के संबंध में जानकारी की लालसा बढ़ने लगी थी। पंडिताऊपन में परिवर्तन आने लगा था। सनातन ब्राह्मण पंथी पर आर्य समाज का प्रभाव पड़ने लगा था। आर्य समाजी संस्कार की तरफ अग्रसर होते हुए बौद्ध-दर्शन की ओर झुके। फिर तो विश्व दर्शन और पर्यटन की लालसा से बनारस की पढ़ाई छोड़ यात्री अपनी लम्बी यात्रा पर निकल पड़े। पटियाला होते हुए लाहौर गए, जहाँ तीन महीने रहे और एक स्थानीय पत्रिका में रविवार को लेख लिखे। उन लेखों के कारण उनका सम्पर्क साहित्य सदन नामक एक संस्था से हुआ, जिसके

स्वामी जी ने उन्हें 'दीपक' नामक पत्रिका का सम्पादन कार्य सौंप दिया। साहित्य सदन पंजाब-पाकिस्तान सीमा पर 'अबोहर' में स्थित था। वहाँ वे करीब डेढ़ साल रहे।

7. (क) कोश की उपयोगिता बताते हुए हिन्दी-हिन्दी कोश की विशेषताएँ लिखिए। (4)

(ख) निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : (4)

प्रभाव, परम्परा, षड्यंत्र, शशि, सलिल, हल, चतुर, तबला।

**अथवा**

निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **दो** का अर्थ स्पष्ट कीजिए :

मुद्रास्फीति, उल्का, ओजोन, याचिका, अनुदान

8. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **चार** का पदक्रम व्यवस्थित कीजिए :

(i) हैं जनता का पक्ष लेते हिन्दी लेखक।

(ii) गुलामी जाएगी कब जाने यह दिमाग की ?

(iii) होता नहीं है ताप का सूर्य के आभास कि हवा इतनी ठण्डी।

(iv) हैं खेत वहाँ जहाँ थे कभी शाल वन अब।

(v) दी चटा धूल अंग्रेज़ों को धुरंधरों ने धोनी के।

(vi) है शुरू होती आज़ादी औरतों की पर्स से उनके।

(vii) किताब पर रखी है मेज।

(viii) वह ऊपर था पचास से वर्ष। (4)